# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

## BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)

**Tel-0612-2356912, 2356913, Email-registrarbuhs-bih@gov.in**


## अधिसूचना

पटना, दिनांक 06/05/2024

**अ.सं.:संब0 6032(पार्ट-1)/2023-** 478 / बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना की तदर्थ सबद्धता समिति की बैठक मे दिनांक–**02.05.2024** को गैर–सरकारी पारा मेडिकल महाविद्यालयों/ संस्थानों द्वारा संबद्धता हेतु समर्पित आवेदनों पर सम्यक विचारापरांत लिए गए निर्णय के आलोक मे निम्नांकित सूची के कॉलम सं0 2 मे अंकित गैर–सरकारी पारामेडिकल महाविद्यालयों को कॉलम सं0 4 मे अंकित पाठ्यक्रम एवं कॉलम 5 मे अंकित नामांकन क्षमता के लिए बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से **सत्र–2023–24** हेतु औपबंधिक संबद्धता (Provisional Affiliation) निम्नांकित नियम एवं शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है।

| Sl. No. | Name of Institute | District | Course | Intake Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Darbhanga Institute of Paramedical Sciences | Darbhanga | Certificate in Medical Dresser | 30 |
| | | | Diploma in Operation Theatre Assistant | 30 |
| | | | Diploma in Medical Laboratory Technician | 30 |
| | | | Diploma in X-Ray Technician | 30 |
| 2 | Dr. Raj Shekhar Shrivastava Para Medical College | Madhubani | Certificate in Medical Dresser | 60 |
| | | | Diploma in Medical Laboratory Technician | 60 |
| | | | Diploma in Ophthalmic Assistant | 60 |
| | | | Diploma in Operation Theatre Assistant | 60 |

नियम एवं शर्तें:-

1. औपबंधिक संबद्धता "Regulation for Provisional Affiliation and Fee for Affiliation" की धारा 8 मे निहित प्रावधानों के तहत सशर्त प्रदान की जा रही है।
2. औपबंधिक संबद्धता सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदित किए जाने एवं अन्य शर्तों के अधीन होगी।
3. यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सत्र–2022–23 का संबद्धता पत्र समर्पित नहीं किया गया है, तो वैसे महाविद्यालय/संस्थान नामांकन लेने के पूर्व सत्र–2022–23 का संबद्धता पत्र समर्पित करेंगे।
4. यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सत्र–2023–24 हेतु संबंधित संस्थान द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से नामांकन की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है, तो वैसे महाविद्यालय/संस्थान सत्र–2023–24 में बिना स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की अनुमति प्राप्त किए नामांकन नहीं लेंगे। नामांकन की अनुमति प्राप्त होने पर अविलंब इसकी एक प्रति यथाशीघ्र विश्वविद्यालय मे समर्पित करेंगे।
5. किसी भी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से Approved सीटों से अधिक नामांकन नहीं लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से द्वारा स्वीकृत एवं विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता दी गई सीटों की संख्या मे किसी प्रकार की भिन्नता की स्थिति मे स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से द्वारा स्वीकृत सीटों की संख्या ही मान्य होगी।
6. यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा आवेदन के साथ Application Fee तथा Inspection-Cum-Processing Fee के रूप मे निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा किया गया है, तो उन्हें निर्देश दिया जाता है कि अविलंब निर्धारित शुल्क की राशि विश्वविद्यालय में जमा कर दें।
7. सूची में अंकित सभी महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्देश दिया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Affiliation Fee और Endowment Fund की राशि विश्वविद्यालय द्वारा माँग किए जाने पर जमा करेंगे।

8. संबंधित महाविद्यालय/संस्थान को निदेश दिया जाता है कि नामांकित छात्र–छात्राओं के विश्वविद्यालय में पंजीयन के पूर्व वांछित कागजात/शुल्क विश्वविद्यालय कार्यालय में अचूक रूप से समर्पित कर देंगे।
9. विश्वविद्यालय/स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/बिहार सरकार आदि द्वारा निर्धारित न्यूनतम आधारभूत संरचना एवं अन्य मापदण्डों की जाँच हेतु विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय/संस्थान का किसी भी कार्य दिवस को औचक निरीक्षण किया जा सकता है।
10. महाविद्यालय/संस्थान बिहार सरकार/बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय/ PCI, New Delhi के नियमो/विनियमो आदि का पालन करने हेतु बाध्य होगा।
11. बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधिनियम/परिनियम/विनियम आदि का पालन करना महाविद्यालय/संस्थान के लिए बाध्यकारी होगा।
12. महाविद्यालयों/संस्थानों के द्वारा किसी प्रकार का गलत/भ्रामक सूचना देकर अथवा तथ्य/सूचना छिपाकर औपबंधिक संबद्धता प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

कुलपति के आदेशानुसार

विमलेश 6/5/2024

**(विमलेश कुमार झा)**

कुलसचिव

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**ज्ञापांक : सं०–6032(पार्ट–I)/2023–** 478 **/ पटना, दिनांक** 06/05/2024

प्रतिलिपि–प्राचार्य/निदेशक/सचिव, संबंधित पारामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विमलेश 6/5/2024

कुलसचिव

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**ज्ञापांक : सं०–6032(पार्ट–I)/2023** 478 **/ पटना, दिनांक** 06/05/2024

प्रतिलिपि–डीन(अकादमिक)/डीन(आयुष)/डीन(परीक्षा)/डीन(फार्मेसी)/परीक्षा नियंत्रक/वित्त पदाधिकारी/कुलपति के निजी सचिव, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

विमलेश 6/5/2024

कुलसचिव

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**ज्ञापांक : सं०–6032(पार्ट–I)/2023–** 478 **/पटना, दिनांक** 06/05/2024

प्रतिलिपि– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार–सह–कुलाधिपति, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

विमलेश 6/5/2024

कुलसचिव

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना